# ***SECURITY ALERT SYSTEM***

# ***VIDEO SCRIPT WRITING***

# ***(3MIN 30 SEC)***

***SCENE 1:- (कैमरा छात्रा पर)*** ***TIME : APPROX 22 SEC***

कैमरा प्रधानाचार्य कक्ष में लगे स्कूल बैनर को कवर करते हुये जहाँ छात्रा डिवाइस का वर्णन कर रही है, के दायीं ओर डिवाइस तथा जाने वाला मैसेज तथा बायीं ओर डिवाइस का नाम *"सिक्योरिटी अलर्ट सिस्टम"* लिखा है।

**छात्रा द्वारा डिवाइस का वर्णन :** मेरा नाम रिचा चौहान है मैं कक्षा 12 की छात्रा हूँ। छात्रा द्वारा डिवाइस के बारे में बताया जा रहा है। छात्रा अपनी परिस्थिति का वर्णन करते हुए डिवाइस द्वारा मैसेज प्रेषित होने पर आपातकाल में सहायता प्राप्त करने की व्याख्या कर रही है। तथा आपातकाल की स्थिति से बचा जा सकता है।

***SCENE 2:- (कैमरा अध्यापक पर)*** ***TIME : APPROX 30 SEC***

Teacher 1... नमस्कार मैं अंकित मित्तल सहायक अध्यापक मुरली मनोहर इण्टर कॉलेज ईशपुर टील ब्लाक कांधला जनपद शामली से। अध्यापक द्वारा नवाचार के उपयोग के बारे में बताया जा रहा है।

**अध्यापक द्वारा डिवाइस की क्रियाविधि एवं उपयोग का वर्णन किया जा रहा है :** डिवाइस को हैण्डबैग में लगाकर उसकी कार्यविधि बताई जा रही है एवं साथ-साथ लाइव दिखाई जा रही है तथा डिवाइस द्वारा फोन पर भेजे गये आपातकालीन मैसेज को दिखाया जा रहा है।

**SCENE 3:- (कैमरा अध्यापक पर)** **TIME : APPROX 38 SEC**

Teacher 2... नमस्कार मैं नीरज कुमार सहायक अध्यापक मुरली मनोहर इण्टर कॉलेज ईशपुर टील ब्लाक कांधला जनपद शामली अध्यापक द्वारा बताया जा रहा है।

**अध्यापक द्वारा डिवाइस की आवश्यकता एवं महत्त्व का वर्णन किया जा रहा है :** अधिकाँश यह देखा जाता है कि आपातकालीन स्थिति में इतना समय नहीं होता कि हम किसी को फोन करें या मैसेज भेज पायें। इसको देखते हुए हमने डिवाइस में पहले से ही आपात स्थिति में सहायता के लिये परिवार के सदस्य के मोबाइल नम्बर रजिस्टर्ड कर दिये जाते हैं जिससे आपात स्थिति जैसे महिलाओं से छेड़खानी, दिव्यांगों की सहायता,चोरी या सड़क दुर्घटना आदि में डिवाइस को स्पर्श करते ही रजिस्टर्ड नम्बर पर सहायता के लिये मैसेज तथा मिस्ड कॉल चली जायेगी जिससे हमें कोई ना कोई सहायता मिल जायेगी तथा इस प्रकार की घटनाओं में कमी होगी।

**SCENE 4 (कैमरा प्रधानाचार्य पर)** **TIME : APPROX 15 SEC**

**Principal.....** डिवाइस प्रधानाचार्य के आगे रखा है पीछे विद्यालय का बैनर लगा है

प्रधानाचार्य द्वारा बताया जा रहा है कि इस डिवाइस को छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए अध्यापक अंकित मित्तल तथा नीरज कुमार द्वारा बनाया गया है।

***SCENE 5 (कैमरा जिला विद्यालय निरीक्षक पर)*** ***TIME :APPROX 1MIN 45SEC***

**DIOS**….. डिवाइस जिला विद्यालय निरीक्षक अपने हाथ में लिये हुए हैं।

**डिवाइस की क्रियाविधि जाँचते हुए उपयोगिता का वर्णन किया जा रहा है :** जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा बताया जा रहा है कि हमारे जनपद के मुरली मनोहर इण्टर कॉलेज ईशपुर टील की कक्षा 12 की छात्राओं एवं उनके सहयोगी शिक्षक द्वारा एक ऐसी डिवाइस को बनाया है, जिसका नाम उन्होंने सिक्योरिटी अलर्ट सिस्टम रखा है, जो महिलाओं, दिव्यांगों आदि की सुरक्षा के लिए बहुत उपयोगी है। इस प्रोजेक्ट को देख कर मुझे बहुत खुशी हुई है। डिवाइस द्वारा भेजा गया मैसेज दिखाया जा रहा है। उनके द्वारा बताया जा रहा है की इस डिवाइस के होने से महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस करेंगी और यदि उनके साथ कोई घटना हुई तो इस डिवाइस से उनको कोई न कोई सहायता मिल जायेगी।

यह हमारे जनपद के लिये बहुत अच्छी बात है।

# THANK YOU